**भारत सरकार** **लोक सभा**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय** ***तारांकित प्रश्न सं. 249**

**वाणिज्य विभाग**

**<u>दिनांक 20 दिसंबर, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए</u>**

**कृषि उत्पादों का आयात**

***249. श्री बेल्लाना चन्द्रशेखरः**

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) वर्ष 2020 से अब तक काबुली चना, सोयाबीन, मक्का, दलहन और तिलहन की कितनी मात्रा में और किस खरीद दर पर आयात किया गया है;

(ख) इस पर कितना आयात शुल्क लगाया जाता है; और

(ग) इन कृषि उत्पादों में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**<u>वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री</u>**

**<u>(श्री पीयूष गोयल)</u>**

(क) से (ग): एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*******

**" कृषि उत्पादों का आयात" के संबंध में श्री चन्द्र शेखर बेल्लाना द्वारा पूछे गए दिनांक 20 दिसंबर, 2023 को उत्तर के लिए नियत लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 249 के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

(क) वर्ष 2020-21 से अब तक दालों (चिकपीज चने सहित), तिलहन (सोयाबीन सहित) और मक्का की मात्रा और खरीद दर से संबंधित ब्यौरे अनुबंध में दिए गए हैं।

(ख) उपर्युक्त वस्तुओं के आयातों पर एमएफएन आधार पर लगाए जाने वाले वर्तमान आयात शुल्क का ब्यौरा नीचे दिया गया है

| माल | मूल सीमा शुल्क | कृषि अवसंरचना और विकास उपकर | कुल |
|---|---|---|---|
| तिलहन# | 30% | शून्य | 30% |
| सोयाबीन के बीज | 45% | शून्य | 45% |
| मटर (पीली मटर के अलावा) | 10% | 40% | 50% |
| पीली मटर* | शून्य | शून्य | शून्य |
| काबुली चना | 10% | 30% | 40% |
| बंगाल ग्राम (देसी चना) | 10% | 50% | 60% |
| उड़द | शून्य | शून्य | शून्य |
| मूंग | शून्य | शून्य | शून्य |
| मसूर की दाल** | शून्य | शून्य | शून्य |
| अरहर साबुत | शून्य | शून्य | शून्य |
| चिकपीज | 10% | 50% | 60% |
| मक्का (मकई), बीज गुणवत्ता के अलावा | 50% | शून्य | 50% |

स्रोत: सीबीआईसी

एचएस कोड 0713 10 10 के तहत आने वाली पीली मटर को 31 मार्च, 2024 सहित तक लागू बीसीडी और एआईडीसी से छूट दी गई है।

** वर्तमान प्रासंगिक सीमा शुल्क अधिसूचनाओं के अनुसार, मसूर पर शून्य बीसीडी और शून्य एआईडीसी के साथ एमएफएन दर 31 मार्च 2024 तक लागू कर दी गई है।

# सीमा शुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 की पहली अनुसूची के अध्याय 12 के तहत आने वाले तिलहन, सामान्य रूप से, सोयाबीन बीज आदि जैसे कुछ तिलहनों को छोड़कर, 30% का मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) लगता है। तथापि, तिलहनों को यथामूल्य 5% की रियायती बीसीडी इस शर्त के अध्यधीन उपलब्ध है कि आयातक यह घोषणा करे कि ऐसी सामग्री केवल बुवाई अथवा रोपण के प्रयोजनों के लिए है।

नोट: इसके अतिरिक्त, समाज कल्याण अधिभार, जहां भी लागू हो, भी उपरोक्त वस्तुओं पर लगाया जाता है।

(ग) सरकार वनस्पति तेलों की उपलब्धता बढ़ाने और तिलहनों (मूंगफली, सोयाबीन, रेपसीड और सरसों, सूरजमुखी, कुसुम, तिल, नाइजर, अलसी और अरंडी) के उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि करके खाद्य तेलों के आयात को कम करने और ऑयल पाम और पादप जलित तिलहनों (जैतून,महुआ, कोकम, जंगली खुबानी, नीम, जोजोबा, करंजा, सिमरोबा, तुंग, चेउरा और जटरोफा) के क्षेत्र विस्तार के लिए वर्ष 2018-19 से देश में एक केंद्रीय प्रायोजित योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन- तिलहन और आयल पाम (एनएफएसएम-ओएस एंड ओपी) लागू कर रही है।राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन-तिलहन का कार्यान्वयन देश के 29 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में कृषि/बागवानी विभागों के माध्यम से किया जा रहा है।

सरकार ने ऑयल पाम क्षेत्र के विस्तार का उपयोग करके, कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का उत्पादन बढ़ाकर और खाद्य तेल के आयात को कम करके देश में खाद्य तेलों की उपलब्धता को बढ़ाने के उद्देश्य से अगस्त 2021 में राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन (एनएमईओ)-ऑयल पाम (एनएमईओ-ओपी) आरंभ किया है। इस मिशन से 2021-22 से 2025-26 तक 5 वर्षों की अवधि में पूर्वोत्तर राज्यों में 3.28 लाख हेक्टेयर और शेष भारत में 3.22 लाख हेक्टेयर के साथ ऑयल पाम रोपण के तहत 6.5 लाख हेक्टेयर के अतिरिक्त क्षेत्र में वृद्धि होगी। एनएमईओ-ओपी को देश के 15 राज्यों में कार्यान्वित किया जा रहा है।

सरकार द्वारा किए गए उपायों के परिणामस्वरूप, विगत 5 वर्षों में तिलहनों के उत्पादन में लगातार वृद्धि हुई है, जैसा कि नीचे बताया गया है:

| **वर्ष** | **2018-19** | **2019-20** | **2020-21** | **2021-22** | **2022-23** |
|---|---|---|---|---|---|
| **उत्पादन ( लाख मीट्रिक टन)** | 315.22 | 332.19 | 359.46 | 379.63 | 413.55 |

स्रोत: डीए एंड एफडब्ल्यू

सरकार क्षेत्र विस्तार, उत्पादकता वृद्धि और मृदा उर्वरता सुधार पर ध्यान केन्द्रित करते हुए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एनएफएसएम) के माध्यम से चिकपीज सहित दालों के उत्पादन में वृद्धि करने के लिए उपाय कर रही है। दालों में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा किए गए उपायों में कुछ सफलता मिली है क्योंकि विगत 5 वर्षों में दालों के उत्पादन में वृद्धि हुई है:

| | | | | | मात्रा लाख मीट्रिक टन में |
|---|---|---|---|---|---|
| **वर्ष** | **2018-19** | **2019-20** | **2020-21** | **2021-22** | **2022-23** |
| **उत्पादन** | 220.75 | 230.26 | 254.63 | 273.02 | 260.59 |

स्रोत: डीए एंड एफडब्ल्यू

जहां तक मक्का का संबंध है, भारत आत्मनिर्भर है क्योंकि भारत 2022-23 के दौरान 1116.94 मिलियन अमरीकी डालर के निर्यात के साथ मक्का का शुद्ध निर्यातक है।

******

दिनांक 20 दिसंबर, 2023 को उत्तर के लिए नियत लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 249 के उत्तर के भाग (क) में उल्लिखित अनुबंध।

अनुबंध

| भारत का तिलहन, दालें और मक्का का आयात | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मात्रा एमटी में; मूल्य अमरीकी मिलियन में: इकाई दर अमरीकी डॉलर/एमटी में | | | | | | | | | |
| | | 2020-21 | | 2021-22 | | 2022-23 | | 2023-24 (अप्रैल - अक्टूबर) | |
| एचएस कोड | विवरण | मात्रा | यूनिट दर | मात्रा | यूनिट दर | मात्रा | यूनिट दर | मात्रा | यूनिट दर |
| | | | | | | | | | |
| तिलहन (सोयाबीन सहित) | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| 12011000 | **सोयाबीन बीज** | 9671.26 | 664.09 | 237.42 | 982.20 | 0.00 | 0.00 | 0.02 | 2117.65 |
| 12019000 | **अन्य सोयाबीन** | 450971.21 | 576.58 | 655895.48 | 846.08 | 522553.21 | 797.36 | 511944.16 | 617.27 |
| 12023090 | अन्य मूंगफली के बीज | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.02 | 1470.59 | 0.00 | 0.00 |
| 12024190 | खोल में अन्य मूंगफली | 0.05 | 2640.00 | 0.15 | 1693.33 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 12024210 | मूंगफली के दाने, एचपीएस | 1036.10 | 1026.30 | 729.50 | 1674.27 | 1163.72 | 1347.78 | 1164.00 | 1280.35 |
| 12024220 | मूँगफली कर्नेल, अन्य | 0.00 | 0.00 | 15.60 | 2297.05 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 12024290 | मूंगफली अन्य | 0.00 | 0.00 | 3.00 | 2164.67 | 39.37 | 954.87 | 0.00 | 0.00 |
| 12030000 | खोपरा | 12970.76 | 997.04 | 8589.19 | 1244.21 | 1194.93 | 807.31 | 4632.10 | 815.84 |
| 12040010 | सीड क्वालिटी की ब्रोकेन लिनसीड | 0.00 | 0.00 | 79.24 | 891.45 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 12040090 | अन्य डब्ल्यू/एन ब्रोकेन अलसी | 186.63 | 863.63 | 16.35 | 908.01 | 40.00 | 1823.10 | 78.34 | 1373.79 |
| 12051000 | कम एरवुकैसिड रेप या कोल्ज़ा बीज | 21.00 | 617.71 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 12059000 | रेप/कोल्ज़ा के अन्य बीज डब्ल्यू/एन ब्रोकेन बीज | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 12060010 | बीज की गुणवत्ता वाले डब्ल्यू/एन सूरजमुखी के बीज | 1478.48 | 635.25 | 1132.52 | 699.34 | 820.44 | 531.83 | 472.40 | 543.78 |
| 12060090 | सूरजमुखी के अन्य डब्ल्यू/एन ब्रोकेन बीज | 1477.50 | 613.30 | 2429.34 | 700.91 | 3019.66 | 769.38 | 2163.67 | 673.03 |
| 12073090 | अरंडी के तेल के अन्य बीज | 0.00 | 0.00 | 0.35 | 1454.02 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 12074010 | बीज की गुणवत्ता वाले डब्ल्यू/एन ब्रोकेन तिल का बीज | 0.00 | 0.00 | 180.00 | 1476.55 | 114.00 | 1525.64 | 0.00 | 0.00 |
| 12074090 | तिल के अन्य डब्ल्यू/एन ब्रोकेन बीज | 103235.81 | 1181.06 | 20915.94 | 1395.44 | 63994.32 | 1556.44 | 45083.57 | 1655.57 |
| 12075090 | सरसों के अन्य डब्ल्यू/एन ब्रोकेन बीज | 320.48 | 626.95 | 2.96 | 1464.71 | 250.80 | 1245.19 | 143.52 | 1075.85 |
| 12076090 | अन्य सेफफ्लावर | 91.00 | 655.46 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 12079100 | खसखस के डब्ल्यू/एन ब्रोकेन बीज | 879.00 | 1973.78 | 0.00 | 0.00 | 24728.20 | 3282.47 | 0.00 | 0.00 |
| 12079930 | नाइजर के डब्ल्यू/एन ब्रोकेन बीज | 5918.64 | 923.90 | 5646.00 | 966.10 | 1064.00 | 971.38 | 1254.00 | 1176.94 |
| 12079940 | गार्सिनिया इंडिका के फलों का कोकम/सूखा पेरिक्रैप | 1142.00 | 916.79 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 12079990 | अन्य तिलहन और पुराने फल डब्ल्यू/एन ब्रोकेन | 42753.76 | 492.70 | 41680.58 | 475.10 | 47627.44 | 537.68 | 13350.06 | 839.72 |
| | **कुल:** | **632153.66** | | **737553.62** | | **666610.11** | | **580285.83** | |

| भारत का तिलहन, दालें और मक्का का आयात | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मात्रा एमटी में; मूल्य अमरीकी मिलियन में: इकाई दर अमरीकी डॉलर/एमटी में | | | | | | | | | |
| | | 2020-21 | | 2021-22 | | 2022-23 | | 2023-24 (अप्रैल - अक्टूबर) | |
| एचएस कोड | विवरण | मात्रा | यूनिट दर | मात्रा | यूनिट दर | मात्रा | यूनिट दर | मात्रा | यूनिट दर |
| | | | | | | | | | |
| **दालें (चिकपीज सहित)** | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| 7131010 | पीली मटर | 33831.58 | 285.65 | 251.69 | 274.04 | 538.90 | 256.58 | 0.00 | 0.00 |
| 7131020 | हरे मटर | 0.00 | 0.00 | 594.36 | 418.59 | 319.54 | 426.13 | 0.00 | 0.00 |
| 7131090 | अन्य मटर | 12500.00 | 282.13 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 7132010 | **काबुली चना (चिकपीज)** | 153163.29 | 505.34 | 61314.34 | 734.45 | 1734.90 | 951.57 | 72060.64 | 869.62 |
| 7132020 | बंगाल चना (देसी चना) | 140991.96 | 650.38 | 140486.23 | 708.45 | 59255.68 | 558.52 | 74958.86 | 666.64 |
| 7132090 | अन्य चना | 373.46 | 598.27 | 301.09 | 971.01 | 1932.00 | 618.43 | 25.86 | 1030.66 |
| 7133110 | एसपीपी विग्ना मुंगो (एल.) हेपर की फलियाँ | 334790.56 | 860.69 | 611611.46 | 902.99 | 524813.40 | 885.46 | 321209.64 | 1016.62 |
| 7133190 | एसपीपी विग्ना रेडिएटा (एल.) विल्ज़ेक की फलियाँ | 81842.36 | 942.56 | 195557.11 | 879.75 | 31901.11 | 699.67 | 4010.00 | 574.04 |
| 7133200 | छोटी लाल फलियाँ सूखी और शेल्ड | 0.00 | 0.00 | 0.88 | 2112.50 | 0.00 | 0.00 | 22.00 | 1195.00 |
| 7133300 | सफेद मटर बेन्स सहित सूखे और शेल्ड किडनी बेन्स सहित हैं | 106362.94 | 1052.33 | 137938.15 | 1181.21 | 82736.11 | 1182.60 | 61845.35 | 1188.77 |
| 7133910 | ग्वार बीज | 99.50 | 202.53 | 8.50 | 1605.18 | 25.00 | 606.96 | 0.00 | 0.00 |
| 7133990 | अन्य सूखी लेग्युमिनस सब्जियाँ | 12156.61 | 775.99 | 13407.38 | 827.08 | 27554.68 | 849.04 | 26955.76 | 819.62 |
| 7134000 | सूखी और छिल्का युक्त मसूर दाल (मोसूर), | 1116174.21 | 557.62 | 667430.90 | 792.21 | 858437.31 | 763.57 | 945769.29 | 752.22 |
| 7135000 | सूखी और शेल्ड ब्रॉड बीन्स और हॉर्स बीन्स | 7451.90 | 482.92 | 19336.72 | 415.22 | 5307.04 | 461.34 | 12731.40 | 416.09 |
| 7136000 | अरहर की दाल (कैजेनस कैजन) | 442623.24 | 688.38 | 840463.63 | 762.54 | 894420.52 | 711.12 | 439999.01 | 1008.00 |
| 7139010 | अन्य सूखी और एसएचएसडी सब्जियां, लग्यूमिनस स्पिलिट | 23510.18 | 492.08 | 10239.13 | 722.12 | 7192.05 | 755.62 | 3041.46 | 802.46 |
| 7139090 | एचडीजी के अन्य. 071390 | 377.77 | 763.97 | 742.85 | 522.27 | 10.87 | 1538.18 | 0.00 | 0.00 |
| | **कुल:** | **2466249.60** | | **2699684.40** | | **2496179.10** | | **1962629.26** | |
| | | | | | | | | | |
| **मक्का** | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| 10051000 | मक्के का बीज | 47.50 | 7968.80 | 65.42 | 11218.47 | 84.68 | 11020.56 | 69.45 | 12235.37 |
| 10059011 | पीली | 8287.64 | 252.52 | 18.00 | 219.17 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 10059019 | अन्य | 48.00 | 250.35 | 0.00 | 0.00 | 43.44 | 2707.22 | 240.00 | 371.50 |
| 10059030 | पॉपकॉर्न (ज़िया मेस वैरायटी. एवर्टा) | 16436.10 | 513.97 | 23642.54 | 568.69 | 16603.56 | 602.76 | 4360.95 | 657.22 |
| | **कुल:** | **24819.25** | | **23725.95** | | **16731.68** | | **4670.39** | |
| स्रोत: डीजीसीआईएण्डएस | | | | | | | | | |

******